दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 01/06/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

बिहार विधान परिषद की रिक्त हुई दस सीटों के चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी हो गयी है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। इन सीटों में से नौ सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव हो रहे हैं, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे से रिक्त हुई एक सीट के लिए उपचुनाव हो रहा है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नामांकन की अंतिम तिथि आठ जून तक निर्धारित है। प्रत्याशी ग्यारह जून नाम वापस ले सकते हैं। इन सीटों के लिए अठारह जून को मतदान होगा और इसी दिन शाम को मतगणना होगी। गौरतलब है कि डॉक्टर कुमुद वर्मा, प्रोफेसर गुलाम गौस, सुनील कुमार सिंह समेत नौ विधान पार्षदों का कार्यकाल अट्‌ठाईस जून को पूरा हो रहा है।

————————————————————————

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मध्य प्रदेश के रायसेन से राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' का शुभारंभ किया। यह अभियान तीन जून तक चलेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य उर्वरकों के संतुलित और उचित उपयोग बढ़ाना, मौसम संबंधी चुनौतियों के बीच किसानों को समय पर सलाह देना तथा पंचायत स्तर पर जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। इधर, पटना में कृषि भवन में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा शामिल हुये। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान किसानों को रासायनिक खाद की जगह हरित खाद के उपयोग के लिए प्रेरित किया जायेगा। श्री सिन्हा बताया कि अभियान के दौरान किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से भी जोड़ा जायेगा।

————————————————————————

आईआईटी रूड़की ने जेईई एडवांस्ड दो हजार छब्बीस का परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में गयाजी के शुभम कुमार ने तीन सौ साठ में से तीन सौ तीस अंक प्राप्त कर कॉमन रैंक लिस्ट में पहला स्थान प्राप्त किया है। शुभम गयाजी के नादरागंज ब्रहम्नी घाट के निवासी हैं। उन्होंने जेईई मेंस के दोनों सत्रों में सौ

परसेंटाईल प्राप्त किये थे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुभम कुमार को इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। केंद्रीय मंत्री और गया के सांसद जीतनराम मांझी ने श्री कुमार को बिहार का गौरव बताते हुए इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

———————————————————

प्रदेश में सरकारी बसों से सफर आज से महंगा हो गया है। परिवहन विभाग ने बस किराये में दस से पन्द्रह प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। वहीं, सिटी बसों के किराये में भी पन्द्रह प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गयी है।

———————————————————

तेल कम्पनियों ने उन्नीस किलोग्राम वाले व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में तिरेपन रूपये पचास पैसे की बढ़ोतरी की है। अब पटना में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर तीन हजार चार सौ चौदह रूपये पचास पैसे में मिलेगा। वहीं, घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें आज से लागू हो गयी हैं।

———————————————————

प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीवान के हुसैनगंज में सबसे अधिक सोलह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान दक्षिण—पश्चिम, दक्षिण—मध्य और दक्षिण—पूर्व भाग के कुछ जिलों में चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका है।

———————————————————

मुजफ्फरपुर के अमर सिनेमा रोड में अपराधियों ने कुख्यात गोविन्द शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि गोविन्द शर्मा के फ्लैट में पहले से घात लगाए अपराधियों ने उस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक मुजफ्फरपुर के तत्कालीन मेयर समीर कुमार और जमीन करोबारी आशुतोष शाही हत्याकांड का मुख्य आरोपी था।

———————————————————

बेगूसराय जिले के बछवाड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर लगभग तिरासी लीटर विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।